**लापरवाही** — विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के बमहनगवां गांव के सरकारी स्कूल में हुई घटना, लापरवाही और उदासीनता बनी घटना का कारण

# स्कूल के शौचालय की दीवार गिरी, छात्र की मौत





**नवभारत, कटनी।** जिले के विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के बमहनगवां सरकारी स्कूल के जर्जर शौचालय की दीवार ढहने से कक्षा पांचवीं के 11 वर्षीय छात्र राजकुमार बर्मन की दर्दनाक मौत ने शिक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक लापरवाही बरतने के गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश है, जबकि शिक्षा विभाग ने जांच टीम गठित कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। हादसे ने सरकारी स्कूलों की बदहाल भवनों स्थिति को एक बार फिर उजागर कर दिया है। मृतक के चाचा सत्यम ने बताया कि उनका भतीजा राजकुमार बर्मन रोज की तरह आज भी स्कूल गया था। इसी दौरान वह विद्यालय परिसर में बने शौचालय का उपयोग करने गया, तभी जर्जर हो चुकी बाथरूम की दीवार उसके ऊपर गिर गई। दीवार गिरने की आवाज सुनकर उसकी नौ वर्षीय बहन मौके पर पहुंची और मलबे में दबे अपने भाई को निकालने का प्रयास किया, लेकिन वह सफल नहीं हो सकी। इसके बाद उसने घटना की जानकारी शिक्षकों और अपने परिजन को दी। सूचना मिलते ही शिक्षक और परिजन मौके पर पहुंचे और मलबे को हटाकर छात्र को बाहर निकाला। घटना की जानकारी एम्बुलेंस को दी थी, लेकिन वह समय पर नहीं पहुंची। इसके बाद 500 रुपए में ऑटो रिक्शा बुक करके वे उसे विजयराघवगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉक्टरों ने राजकुमार को मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजन मोहित बर्मन और सत्यम बर्मन सहित अन्य लोगों का आरोप है कि विद्यालय के खंडहर हो हुए शौचालय और भवनों के सुधार कार्य के लिए कई बार शिक्षकों को मौखिक रूप से अवगत कराया गया था, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। इसी लापरवाही का खामियाजा आज छात्र राजकुमार को अपनी जान देकर भुगतना पड़ा। जिला शिक्षा अधिकारी राजेश अग्रहरि ने बताया कि घटना के बाद हमने एक टीम गठित कर दी है और हादसे के हर पहलू की जांच कराई जा रही है।

### विधायक ने जताया दुख, दिया आर्थिक सहयोग

10 वर्षीय छात्र राजकुमार बर्मन पिता स्वर्गीय महेंद्र बर्मन के निधन का समाचार मिलने पर विधानसभा की कार्यवाही के भोपाल गए विधायक संजय पाठक ने सबसे पहले अधिकारियों से दुर्घटना के कारणों की जानकारी लेते हुए घटना पर दुख व्यक्त किया उन्होंने कहा कि यह घटना ह्रदय को झकझोर देने वाली है। बर्मन परिवार पर आए आघात को सहन करने लिए अपनी ओर से तत्कालिक आर्थिक सहयोग प्रदान करने, शासकीय नियमों के अनुसार मदद और इस तरह के जर्जर भवन, परिसरों की सघन जांच करने के लिए कहा है, ताकि भविष्य में इस तरह की दुखद घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। अधिकारियों से संवाद कर कार्रवाई के लिए कहा है।



## ट्राली बैग में मिला दो लाख का गांजा, आरोपी गिरफ्तार

**कटनी रेलवे स्टेशन के पास पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा**

**नवभारत, कटनी।** पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल की संयुक्त टीम ने कटनी रेलवे स्टेशन के पास घेराबंदी कर एक अंतरराज्यीय गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी से लगभग 18 किलो गांजा जब्त किया है, जिसकी कीमत करीब 2 लाख 16 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि ट्रेन के माध्यम से गांजा लाया जा रहा है। जिसके बाद पुलिस ने तत्काल आरपीएफ टीम के साथ समन्वय स्थापित किया। संयुक्त टीम ने मुख्य रेलवे स्टेशन और मुड़वारा स्टेशन में जांच अभियान शुरू किया। जांच के दौरान कटनी स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 6 के बाहर पानी की टंकी के पास एक बुजुर्ग व्यक्ति ट्रॉली बैग लिए संदिग्ध अवस्था में बैठा मिला। पुलिस टीम को अपनी ओर आता देख आरोपी घबरा गया और भागने की कोशिश करने लगा। जिस पर संयुक्त टीम ने उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सतना जिले के विरसिंहपुर निवासी रामगोपाल गुप्ता (62) बताया है। पकड़े गए ट्रॉली बैग की तलाशी के दौरान उसके अंदर से गांजा मिला। पुलिस ने गांजा जब्त कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### एक नजर में

#### आज लगेंगे संकल्प से समाधान अभियान के शिविर


**नवभारत, कटनी।** कलेक्टर श्री आशीष तिवारी के निर्देश पर गुरूवार 19 फरवरी को संकल्प से समाधान अभियान के तहत नगर परिषद विजयराघवगढ़ के वार्ड क्रमांक 3 के सामुदायिक भवन में यहां के वार्ड नंबर 4 अंबेडकर वार्ड, वार्ड नंबर 5 शिवाजी वार्ड और वार्ड नंबर 6 संकटमोचन वार्ड के लिए शिविर लगेगा। जबकि गुरूवार को ही नगर परिषद कैमोर में सामुदायिक भवन में वार्ड क्रमांक 4 राजीव नगर वार्ड, वार्ड नंबर 5 गांधी नगर वार्ड, वार्ड नंबर 6 महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड, वार्ड नंबर 8 इंद्रा नगर वार्ड के लिए शिविर आयोजित किया गया है। जबकि नगर परिषद बरही के सब्जी मंडी रंगमंच के पास वार्ड क्रमांक 4 चंद्रशेखर वार्ड वार्ड नंबर 5 डॉ राममनोहर लोहिया वार्ड, वार्ड नंबर 8 लाल बहदुर शास्त्री के लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा। आवेदनों का इन शिविरों में निराकरण किया जाएगा और हितग्राहियों लाभ दिया जाएगा।

#### बोरिंग खनन पूर्ण प्रतिबंधित

**अनूपपुर, नवभारत।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिले में गिरते जलस्तर को देखते हुए संपूर्ण अनूपपुर जिले को जल अभावग्रस्त घोषित कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार वर्तमान एवं आगामी ग्रीष्म ऋतु में पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए यह कदम उठाया गया है। कलेक्टर द्वारा मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम, 1986 की धारा 3 के अंतर्गत अनूपपुर, कोतमा, जैतहरी एवं पुष्पराजगढ़ तहसीलों में कुओं और नलकूपों के जलस्तर में भारी गिरावट को देखते हुए प्रतिबंधात्मक आदेश लागू किया गया है। आदेश के तहत अब कलेक्टर कार्यालय की अनुमति के बिना कोई भी व्यक्ति नदी, बांध, जलधारा या जलाशय जैसे स्रोतों से सिंचाई या औद्योगिक प्रयोजन हेतु जल का उपयोग नहीं कर सकेगा। निजी नलकूप खनन भी बिना अनुमति पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। आदेश का उल्लंघन करने पर अधिनियम की धारा 9 के तहत 2 वर्ष तक का कारावास या 2000 रुपये तक का जुर्माना अथवा दोनों से दंडित किए जाने का प्रावधान किया गया है। सिंचाई या औद्योगिक उपयोग के लिए जल लेने हेतु संबंधित एसडीएम को आवेदन देना होगा।

## बजट से समृद्ध और आत्मनिर्भर की ओर बढ़ेगा प्रदेश

**विजयराघवगढ़ विधायक ने बजट पर दी अपनी प्रतिक्रिया**




**नवभारत, कटनी।** जिले विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक ने प्रदेश के बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि बजट महिला, युवा, किसान और गरीब सहित हर वर्ग के सशक्तिकरण को आगे बढाने के साथ ही हर गांव, हर शहर, हर नागरिक के सपनों को साकार करने वाला जनहितैषी बजट है । डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश विकास की नई ऊंचाइया हासिल करेगा। बजट से प्रदेश समृद्ध और आत्मनिर्भर की ओर बढ़ रहा है। बजट में विजयराघवगढ़ विधानसभा को अनेक उपलब्धियां प्राप्त हुई हुई है। विजयराघवगढ़ विधानसभा को अनेक मांगी गई उपलब्धियां के बजट की स्वीकृति दी गई हैं। इनमें बरही मैहर मार्ग पर कुटेश्वर पुल के क्षतिग्रस्त हिस्से पर दोबारा निर्माण के लिए लगात को बढ़ाते हुए 93.94 करोड़ करने का प्रस्ताव है। पिपरौध से देवरी हटाई, बड़वारा, बसाड़ी, विजयराघवगढ़, कैमोर किलोमीटर मार्ग के लिए 2.5 करोड़, बरही खितौली रोड पर 6 किलोमीटर दूरी वाली कुंआ से कुठिया मोहगवां का निर्माण के लिए 6.08 करोड़ के अलावा बड़े ग्रामीण परिवेश वाले विजयरावगढ़ विधानसभा के 2 हजार जनसंख्या और 500 पशुधन वाले गांवों को ग्राम विकास के लिए मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना और मजरा-टोला सड़क योजना से फायदा होगा।

इसके अलावा कई स्कूलों के उन्नयन का भी प्रस्ताव बजट में दिया गया है। विधानसभा क्षेत्र के लिए उपलब्धियां देने के लिए विधायक संजय पाठक ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और वित्तमंत्री जगदीश देवड़ा के प्रति आभार जताया है। बजट में जिले को काफी सौगात मिली है।

## ससुर ने लगाया आरोप, बहू और उसके रिश्तेदार पर जताया चोरी का संदेह

**बरही थाना क्षेत्र के खन्ना बंजारी में हुई है चोरी की वारदात**



**नवभारत, कटनी।** जिले के बरही थाना क्षेत्र स्थित खन्ना बंजारी गांव में हुई लाखों की चोरी के मामले में अब नया मोड़ आ गया है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायत देते हुए आरोप लगाया गया है कि चोरीकी वारदात को बाहरी बदमाशों के बजाय घर के लोगों ने अंजाम दिया है। शिकायत पर पीड़ित ने अपनी ही बहू और रिश्तेदारों पर चोरी की साजिश रचने का संदेह जताया है। फरियादी बलराम दास पटेल की शिकायत के अनुसार घटना 12 फरवरी 2026 की है। पूरा परिवार एक शादी समारोह में शामिल होने कारीतलाई गया था। घर सूना पाकर चोरों ने ताला तोड़ा और अलमारी में रखे लाखों के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी पार कर दी। चोरी गए सामान में सोने के हार, मंगलसूत्र, चूड़ियां और करीब एक किलो चांदी के गहने शामिल हैं। बलराम दास ने अपनी बहू रूपा पटेल, उसके जीजा दिलीप पटेल और साली पर चोरी में शामिल होने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि दिलीप और माया पिछले एक साल से उनके बेटे और बहू के बीच विवाद पैदा कर रहे थे, जिसकी वजह से बहू अलग रह रही है। घटना से कुछ समय पहले ही बहू ने गहनों के लिए दबाव बनाने वाले मैसेज भी भेजे थे। पीड़ित ने पड़ोसी अरुण और उपासना यादव पर भी आरोप लगाया है कि वे घर की हर गतिविधि की जानकारी बहू तक पहुंचा रहे थे। बलराम दास का कहना है कि 13 फरवरी को बरही थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने के बावजूद पुलिस ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया को लिखित शिकायत सौंपते हुए पीड़ित ने मांग की है कि संदेहियों से पूछताछ की जाए। उन्होंने आरोप लगाया है कि पुलिस इस मामले में चोरी के आरोपों को पकड़ने में लापरवाही बरत रही है। एक सप्ताह बीत जाने के बाद पुलिस के हाथ खाली हैं।

## संदिग्ध गतिविधियों और साइबर फ्रॉड होने पर तत्काल दें पुलिस को सूचना

**साइबर अपराधों पर नियंत्रण के लिए बैठक में की गई चर्चा**




**नवभारत, कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन में बुधवार को कंट्रोल रूम में जिले के सभी सार्वजनिक और निजी बैंकों के प्रबंधकों-अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य बढ़ते साइबर अपराधों की रोकथाम, साइबर जागरूकता को बढ़ावा देना, बैंक और एटीएम की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत करना है। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पुलिस और बैंकों के बीच मजबूत और लगातार समन्वय की आवश्यकता बात कही। उन्होंने साइबर अपराध, बैंकिंग धोखाधड़ी, ऑनलाइन फ्रॉड, संदिग्ध लेन-देन, एटीएम, बैंक शाखाओं की सुरक्षा व्यवस्था जैसे अहम विषयों पर चर्चा की। पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, साइबर फ्रॉड की सूचना तत्काल पुलिस को दी जाए, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके। साथ ही बैंकों से अपेक्षा की गई कि वे ग्राहकों को साइबर अपराधों से बचाव के लिए लगातार जागरूक करें और सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन कराएं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराधों में लगातार वृद्धि हो रही है, जिसका सीधा प्रभाव आम नागरिकों की मेहनत की कमाई पर पड़ता है। ऐसे अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस और बैंकों के बीच सशक्त समन्वय अत्यंत आवश्यक है। जिला पुलिस जनधन की सुरक्षा और साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए हर संभव कदम उठा रही है और भविष्य में भी बैंकों के साथ लगातार समन्वय बनाकर कार्य किया जाएगा।

बैठक में सभी बैंक कर्मचारियों से कहा गया कि साइबर अपराधों को रोकने के लिए पुलिस सहयोग करें। बैंकों के बाहर एटीएम में सीसीटीवी लगाने कहा गया है।

## स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति किया गया जागरूक

**जन अभियान परिषद के राहत शक्ति अभियान की समीक्षा**



**नवभारत, कटनी।** जिले के विजयराघवगढ़ मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की जिला स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन परिषद के कार्यपालक निदेशक डॉ. बकुल लाड़ और जिला समन्वयक डॉ तेज सिंह की अध्यक्षता में किया गया। बैठक संवाद योजना अंतर्गत नवांकुर संस्थाओं की प्रगति समीक्षा के उद्देश्य से आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा संचालित अभियानों की जानकारी प्रस्तुत की गई। बैठक में नवांकुर राहत समर्पण सेवा समिति द्वारा संचालित राहत शक्ति अभियान की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। समिति की ओर से अवगत कराया गया कि अभियान के माध्यम से विजयराघवगढ़ क्षेत्र के लगभग 70 ग्रामों में 28 हजार से अधिक महिलाओं को लाभान्वित किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं और किशोरियों को स्वच्छता, स्वास्थ्य, जागरूकता पोषण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साथ ही नि:शुल्क सेनेटरी पैड वितरण किया जा रहा है। बैठक के दौरान समिति अध्यक्ष शारदा प्रसाद साहू द्वारा सुझाव दिया गया कि अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए ग्राम स्तर पर महिलाओं द्वारा सेनेटरी पैड निर्माण और विक्रय की व्यवस्था विकसित की जाए। इससे स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार भी मिलेगा।

## एआई के लाभ और संभावित दुष्परिणामों पर की चर्चा

**सरकारी गर्ल्स कॉलेज में किया गया आयोजन**



**नवभारत, कटनी।** शासकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम के तहत में सात दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन मानव जीवन विकास समिति मझगवां में किया गया। शिविर के तृतीय दिवस दैनिक गतिविधियों के साथ बौद्धिक परिचर्चा का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य विषय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वरदान या अभिशाप और साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता रहा। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में कुमार जैनेंद्र सिन्हा, डॉ अर्पित द्विवेदी, डॉ शिल्पी कुमारी और मदन मरावी उपस्थित रहे। डॉ अर्पित द्विवेदी ने साइबर अपराध से बचाव, ऑनलाइन सुरक्षा उपायों, एआई से जुड़े प्रश्नों के व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत किए। डॉ मदन मरावी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग, लाभ और संभावित दुष्परिणामों की जानकारी दी। शिल्पी कुमारी ने छात्राओं के नैतिक, सामाजिक व्यक्तित्व के संबंध में जानकारी दी।

## शिक्षक के जन्मदिन में केट काटने के दौरान खुलेआम लहराई गई तलवार

**विजयराघवगढ़ बस स्टैंड का मामला, वायरल हुआ वीडियो**



**नवभारत, कटनी।** जिले के विजयराघवगढ़ में एक सरकारी शिक्षक के जन्मदिन के जश्न में सरेआम तलवार लहराने का वीडियो सामने आया है। बस स्टैंड जैसे भीड़भाड़ वाले इलाके में जन्मदिवस के अवसर पर केट काटने के दौरान एक समर्थक द्वारा तलवार लहराई गई। जिसका वीडियो वायरल होने के बाद क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। हालांकि समर्थकों ने इस घटना पर सफाई देते हुए कहा है कि तलवार लहराने का उद्देश्य नहीं था अतिउत्साह में युवक द्वारा ऐसा किया गया। जिस पर तत्काल तलवार को वापस रखवा दिया गया था। जानकारी के अनुसार घटना 13 फरवरी की है। यह पूरा मामला विजयराघवगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष राजेश्वरी दुबे के पति और शासकीय शिक्षक हरीश दुबे के जन्मदिन से जुड़ा है। बस स्टैंड के पास आयोजित इस कार्यक्रम में काफी भीड़ जुटी थी। जैसे ही केक काटने का वक्त आया, भीड़ में मौजूद एक युवक ने अचानक नंगी तलवार निकालकर हवा में लहराना शुरू कर दिया। अचानक हुए इस घटनाक्रम से वहां मौजूद लोग सहम गए।

हैरानी की बात यह है कि जब यह सब हो रहा था, तब विजयराघवगढ़ थाना प्रभारी रीतेश शर्मा भी वहीं मौजूद थे। हालांकि मौजूद लोगों का कहना है कि तलवार देखते ही थाना प्रभारी तत्काल हस्तक्षेप किया और युवक को फटकार लगाते हुए तलवार अपने कब्जे में ले ली। चेतावनी देकर मामले को शांत करा दिया गया था, लेकिन अब वीडियो सामने आने के बाद घटना को लेकर दोबारा चर्चा शुरू हो गई है।

**धर्म** — नीलकंठेश्वर धाम में महाशिवरात्रि पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों के समापन पर समिति ने जताया आभार

# संस्कारों की पूंजी और भोलेनाथ की असीम कृपा का परिणाम है सफल आयोजन



**नवभारत, कटनी।** जिले के विजयराघवगढ़ नीलकंठेश्वर भक्ति धाम की 36वीं वर्षगांठ के भव्य आयोजन के समापन अवसर पर जब आयोजक बाबू ग्रोवर मंच पर पहुंचे तो शब्दों से अधिक उनकी आंखे बोल रही थीं। वातावरण में भक्ति कृतज्ञता और पुत्रधर्म का अद्भुत संगम दिखाई दे रहा था। बाबू ग्रोवर ने अत्यंत विनम्र स्वर में कहा मैं कोई आयोजक नहीं सिर्फ अपने माता-पिता का सेवक हूं, यह जो कुछ भी हो रहा है वह उनकी दी हुई संस्कारों की पूंजी और भोलेनाथ की असीम कृपा का परिणाम है। मैंने जो भी किया उनकी खुशी के लिए किया। उनके इन शब्दों ने उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं के ह्रदय को छू लिया। एक पुत्र के रूप में अपने पिता द्वारा रखी गई धर्म की नींव को आगे बढ़ाने का संकल्प और माता-पिता के प्रति समर्पण का भाव उनके व्यक्तित्व को और भी ऊंचा बना दिया। ऐसा प्रतीत हुआ मानो यह आयोजन सिर्फ एक धार्मिक उत्सव नहीं बल्कि पुत्रभक्ति की सजीव प्रतिमा बन गया हो। उन्होंने कहा कि नीलकंठेश्वर भक्ति धाम की यह यात्रा अकेले संभव नहीं थी। आप सभी का स्नेह आशीर्वाद और सहयोग ही हमारी शक्ति है। कहते हुए उन्होंने हाथ जोड़कर सभी श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया। बाबू ग्रोवर ने विशेष रूप से पुलिस प्रशासन का सुरक्षा व्यवस्था के लिए सजावट दल और अर्श टेंट हाउस का भव्य व्यवस्थाओं के लिए, मीडिया, जनप्रतिनिधियों के मार्गदर्शन और उपस्थिति के लिए नीलकंठेश्वर भक्ति धाम समिति और सीाी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उनकी वाणी में अहंकार नहीं सिर्फ कृतज्ञता थी उनके शब्दों में प्रदर्शन नहीं सिर्फ समर्पण था। समापन क्षणों में जब उन्होंने कहा कि भोलेनाथ की कृपा और आप सभी का साथ बना रहा तो यह सेवा लगातार चलती रहेगी। यह सुन पूरा पंडाल हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा। नीलकंठेश्वर भक्ति धाम की यह वर्षगांठ सिर्फ एक आयोजन नहीं रही, बल्कि यह संदेश दे गई कि जब पुत्र अपने माता-पिता के संस्कारों को धर्म और सेवा के पथ पर आगे बढ़ाता है तब समाज के लिए प्रेरणा का दीपक प्रज्वलित होता है।

